भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 546 का उत्तर

श्रीरामपुर-परली रेलवे लाइन

546. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र के शिर्डी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में श्रीरामपुरपरली रेलवे लाइन ब्रिटिश काल में स्वीकृत की गई थी और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त रेलवे लाइन के लिए शेवगाँव तक 331-61 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित कर भूमि भराव का कार्य पूरा हो चुका है और 70 प्रतिशत भूमि भराव अच्छी स्थिति में है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 2019 में महाराष्ट्र के तत्कालीन उप-मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से रेल मंत्रालय को इस रेलवे लाइन की निर्माण लागत का 50 प्रतिशत वहन करने के लिए सहमति पत्र जारी किया था; और

(घ) यदि हाँ, तो इस रेलवे लाइन के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है और इस रेलवे लाइन के निर्माण में देरी के क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): स्वतंत्रता से पहले, बेलापुर से शेवगांव (80 कि.मी.) तक एक छोटी लाइन रेल परियोजना की योजना बनाई गई थी और छोटी लाइन रेल लिंक के लिए भूमि अधिग्रहण भी किया गया था। बाद में इस कार्य को 1948 में बंद कर दिया गया। वर्तमान में, 338 हेक्टेयर भूमि रेलवे के स्वामित्व में है। इस भूमि पर बहुत अधिक अतिक्रमण रहा है।

स्वतंत्रता के बाद, श्रीरामपुर (बेलापुर) - शेवगांव - परली (241 कि.मी.) के बीच नई बड़ी लाइन लाइन के लिए एक सर्वेक्षण वर्ष 2018 में पूरा किया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना की लागत 3,904 करोड़ रुपये आंकी गई थी। परंतु, कम यातायात अनुमान के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ाई गई, हालांकि राज्य सरकार परियोजना की लागत का 50% साझा करने के लिए तैयार थी।

मनमाड़-अहमदनगर-दौण्ड खंड पर बेलापुर एक मौजूदा स्टेशन है। बेलापुर-अहमदनगर पहले से ही एक मौजूदा डबल लाइन खंड है। इसके अलावा अहमदनगर-बीड खंड, अहमदनगर-बीड-परली वैजनाथ नई लाइन परियोजना को फरवरी 2025 में चालू किया गया है।

बेलापुर और परली मौजूदा स्टेशन हैं और अंकाई, जालना, परभणी के रास्ते जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, अहमदनगर-बीड-परली वैजनाथ नई लाइन परियोजना के पूर्ण होने से बीड के रास्ते बेलापुर और परली वैजनाथ के बीच एक छोटा मार्ग प्राप्त होगा, ऐसा विचार किया गया है।

*****